प्रादेशिक समाचार
दिनांक– 27.06.2025 (दोपहर–1310 बजे)

मुख्य समाचार

1. झारखंड समेत देशभर में आज निकाली जा रही है भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा, रांची में थोड़ी देर बाद प्रभु जगन्नाथ, बलभद्र और देवी सुभद्रा के विग्रहों को रथ पर कराया जायेगा विराजमान।
2. झारखंड हाईकोर्ट ने राज्य में पेसा नियमावली लागू नही किये जाने पर मुख्य सचिव और पंचायती राज विभाग के प्रधान सचिव को जारी किया अवमानना नोटिस, 5 अगस्त तक मांगा जवाब।
3. ईडी की तर्ज पर अब झारखंड पुलिस भी जब्त करेगी आरोपियों की संपत्ति, पुलिस मुख्यालय ने की अनुशंसा, गृह विभाग को भेजा प्रस्ताव।
4. राज्य में दो जुलाई तक हर दिन होगी बारिश, सिमडेगा, गुमला और पश्चिमी सिंहभूम में भारी वर्षा का ऑरेंज अलर्ट, तेज हवा भी चलेगी।
5. सिमडेगा की छह महिला हॉकी खिलाड़ी खेलो इंडिया असेस्मेंट कैंप में शामिल होने के लिए बेंगलुरु आमंत्रित।

*******************

झारखंड समेत देशभर में आज भगवान जगन्नाथ की प्रसिद्ध रथ यात्रा निकाली जा रही है। ओडिसा के पुरी में लाखों भक्त इस आध्यात्मिक अनुष्ठान में एकत्र हुए हैं। इस बीच राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा के अवसर पर सभी नागरिकों को शुभकामनाएं दी हैं। इधर, राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने भी राज्यवासियों को इस ऐतिहासिक और आध्यात्मिक पर्व की बधाई दी है।

*******************

राजधानी रांची में आज महाप्रभु जगन्नाथ की भव्य और ऐतिहासिक रथयात्रा निकलेगी। हजारों की संख्या में श्रद्धालु प्रभु का रथ खींचने जगन्नाथपुर मंदिर पहुंचेंगे।

*******************

हाईकोर्ट के आदेश के बाद भी पेसा नियमावली लागू नही किये जाने पर मुख्य सचिव और पंचायती राज विभाग के प्रधान सचिव को कोर्ट ने अवमानना नोटिस जारी किया है। हाईकोर्ट में आदिवासी बुद्धिजीवी मंच की ओर से दायर अवमानना याचिका पर सुनवाई के दौरान अदालत ने 5 अगस्त तक सरकार को जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया। गौरतलब है कि पिछले साल जुलाई महीने में ही कई जनहित याचिकाओं की एक साथ सुनवाई करते हुए हाईकोर्ट ने सरकार को 2 महीने में नियमावली बना कर पेसा एक्ट लागू करने का निर्देश दिया था।

*******************

झारखंड में नई शिक्षा नीति के तहत कॉलेजों और विश्वविद्यालयों में इंटरमीडिएट की पढ़ाई समाप्त किए जाने के फैसले पर झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय प्रवक्ता कुणाल षाड़ंगी ने कड़ा विरोध दर्ज किया है। मीडिया से बातचीत में श्री षाड़ंगी ने कहा कि राज्य में इस नीति को लागू करने के लिए 2026 तक का समय निर्धारित किया गया था। लेकिन राज्यपाल द्वारा अचानक निर्णय लेकर कॉलेजों और विश्वविद्यालयों में इंटर की पढ़ाई बंद करना छात्रों के हितों के खिलाफ है।

*******************

झारखंड पुलिस अब ईडी की तर्ज पर आपराधिक कृत्य और प्रोसीड ऑफ क्राइम (पीओसी) से अर्जित चल–अचल संपत्ति जब्त कर सकेगी। भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता –बीएनएसएस 2023 की धारा 107 के तहत कार्रवाई के लिए डीजीपी अनुराग गुप्ता के आदेश पर पुलिस मुख्यालय में आईजी रैंक के अधिकारी की अध्यक्षता में उच्च स्तरीय कमेटी बनायी गई थी। कमेटी ने प्रोसीड ऑफ क्राइम से अर्जित संपत्ति को स्थायी रूप से जब्त करने को लेकर कार्रवाई से जुड़ी अनुशंसा बनाकर इसके लागू करने से जुड़ा प्रस्ताव पुलिस मुख्यालय के जरिए गृह विभाग को भेजा है। गृह विभाग के आदेश के बाद राज्य सरकार इस संबंध में कार्रवाई कर पाएगी।

*******************

केंद्र सरकार ने आत्मनिर्भर भारत अभियान के तहत प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना की शुरुआत की है। इस सिलसिले में प्रेस सूचना ब्यूरो की एक टीम ने गुमला जिले के बसिया प्रखण्ड क्षेत्र के कुम्हारी गांव का दौरा किया। इस दौरान टीम ने मत्स्य पालन और मछली के दाना उत्पादन केन्द्र का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान टीम ने मत्स्य पालन से जुड़े स्थानीय युवाओं से बातचीत की। मौके पर मौजूद जिला मत्स्य पदाधिकारी कुसूम लता ने बताया कि जिले में मछली पालन को बढ़ावा देने के लिए कई कदम उठाये गये हैं।

*******************

बोकारो को नशा मुक्त जिला बनाने के लिए प्रशासन ने कमर कस ली है।

*******************

बेंचमार्क घरेलू इक्विटी सूचकांक, सेंसेक्स और निफ्टी आज सुबह के कारोबार में मामूली बढ़त के साथ कारोबार कर रहे थे। अंतिम रिपोर्ट मिलने तक 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 150 अंक बढ़कर 83 हजार 907 पर और एनएसई निफ्टी 50 अंक बढ़कर 25 हजार 600 पर पहुंच गया है।

*******************

सर्राफा बाजार में आज रांची में 22 कैरेट सोने का भाव 91 हजार एक सौ रुपये प्रति दस ग्राम है जबकि चांदी की कीमत एक लाख तेरह हजार रुपये प्रति किलो है।

*******************

मौसम विभाग ने राज्य में दो जुलाई तक हर दिन बारिश होने की संभावना व्यक्त की है। आज भी राज्य के कई हिस्सों में बारिश हो रही है। मौसम विज्ञान केन्द्र रांची ने सिमडेगा, गुमला और पश्चिम सिंहभूम में भारी वर्षा का औरेंज अलर्ट जारी किया है। इस दौरान तेज हवा चलने की भी आशंका व्यक्त की गयी है।

*******************

खेलो इंडिया असेस्मेंट कैंप में शामिल होने के लिए सिमडेगा की छह हॉकी खिलाड़ियों को आमंत्रित किया है। इनमें स्वीटी डुंगडुंग, रोपनी कुमारी, रजनी केरकेट्टा, निशा मिंज, निराली कुजूर और नीरु कुल्लू शामिल हैं। यह कैंप छह जुलाई तक बेंगलुरू में आयोजित होगा। स्वीटी डुंगडुंग बेंगलुरु रवाना हो गयी हैं जबकि अन्य पांच खिलाड़ी बेंगलुरु में पहले से ही इंडिया कैंप में हैं।

*************